कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान), करियप्पा मार्ग, लखनऊ छावनी -226002
Office of the Principal Controller of Defence Accounts (Central Command)
Cariappa Road, Cantt., Lucknow, Pin Code – 226002
कार्यालय दूरभाष सं.-0522-2451084 कार्यालय फैक्स सं.-0522-2453038
Office Phone No. 0522-2451084 Office Fax No. 0522-2453038
**E-mail ID: pcdaccan1a@gmail.com**

संख्याः प्रशा./1अ/1004/विविध

दिनाँकः 30.09.2020

सेवा में,

प्रभारी अधिकारी
र.ले.प्र.नि.(म.क.) के अधीनस्थ सभी उप-कार्यालय
मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग (स्थानीय)

**विषयः रक्षा लेखा विभाग, (पे.संवि.) मेरठ में स्टाँफ कार चालक (सामान्य श्रेणी) की भर्ती)**

संदर्भः रक्षा लेखा विभाग, (पे.संवि.) मेरठ का पत्राँक प्रशा./II/191/स्टाफ कार चालक दिनाँक 17.09.2020

उपरोक्त संदर्भित पत्र के अनुपालन में यह सूचित किया जाता है कि रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान) लखनऊ के अंतर्गत कार्यरत कोई भी इच्छुक एम.टी.एस. जो उक्त भर्ती की सभी योग्यताओं को पूर्ण करता हो वह दिनाँक 30.09.2020 तक अपना आवेदन ई-मेल के माध्यम से admin2.dad@hub.nic.in पर कर सकते हैं। मूल प्रति मुख्य कार्यालय के प्रशा-1अ अनुभाग को अग्रसारित करें, जिसे प्रधान नियंत्रक के अनुमोदन के पश्चात रक्षा लेखा नियंत्रक (पे.संवि.) मेरठ को अग्रसारित कर दिया जाएगा।

संलग्नः उपरोक्त

(पकंज उपाध्याय)
संयुक्त नियंत्रक

रक्षा लेखा नियंत्रक (पें.संवि.)
वेल्वेडियर कॉम्प्लेक्स, आयुध पथ, मेरठ छावनी-250001
CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS (PD)
BELVEDERE COMPLEX, AYUDH PATH, MEERUT CANTT-250001
फोन सं. :-0121-2645889, फ़ैक्स सं. :-0121-2645178
ई मेल:-cdapd.cgda@nic.in

सत्यमेव जयते

सं. प्रशा./II/191/स्टाफ कार चालक **स्पीड पोस्ट** दिनांक: 17/09/2020

सेवा में,

सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/ रक्षा लेखा नियंत्रक
सभी डीपीडीओ, प्रशा V (स्थानीय)

**विषय:** र.ले.नि.(पें.संवि.) मेरठ में कार चालक(सामान्य श्रेणी) के पद पर एम.टी.एस. कर्मचारी की भर्ती हेतु आवेदन |

*********************************************

मुख्यालय कार्यालय दिल्ली छावनी ने अपने दिनांक 28.05.2020 के पत्र संख्या AN/ VIII/ 8200/ Recruitment of staff car Driver/2020 के द्वारा सभी र.ले.प्र.नि./ र.ले.नि. कार्यालयों में स्टाफ कार चालक के (सामान्य श्रेणी) [Staff Car Driver (Ordinary Grade) ] के रिक्त पदों को विभाग में भर्ती नियमों में दिये गए प्रावधानों के अनुसार सीधी भर्ती के लिए भर्ती प्रक्रिया पर कार्यवाही के निर्देश दिये है जहां पद के सापेक्ष रिक्ति उपलब्ध है | अतः मुख्यालय कार्यालय के निर्देशों का पालन करते हुये मुख्य कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक (पें.संवि.) मेरठ में स्टाफ कार चालक (सामान्य श्रेणी ) के **एक** पद पर सीधी भर्ती के लिए (एम.टी.एस. कार चालक) भर्ती प्रक्रिया पर कार्यवाही की जा रही है |

| **पद का नाम** | **वेतनमन** | **वर्गीकरण** | **तैनाती का कार्यालय व स्थान** |
|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** |
| स्टाफ कार चालक (सामान्य श्रेणी) Staff Car Driver (Ordinary Grade) | स्तर/Level-2 (रु 19900 से 63200) | साधारण केंद्रीय सेवायें, समूह 'ग' अराजपत्रित Group 'C' | मुख्य कार्यालय र.ले.नि.(पें.संवि.) मेरठ |

अतः आपसे यह अनुरोध किया जाता है कि यदि आपके कार्यालय में लेवेल-1(18000से 56900) के बहुकार्य कर्मचारीवृंद (एमटीएस) जिनके पास मोटर गाड़ी के लिए विधिमान्य चालन अनुज्ञप्ति (Valid Four wheeler Driving License) है, इच्छुक प्रार्थी है तो कृपया उनसे भर्ती हेतु प्रोपर प्रार्थनापत्र लेकर इस कार्यालय को भेजें ताकि इस सम्बन्ध में अग्रिम कार्यवाही की जा सके |

**प्रार्थनापत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि 30/09/2020 है |**

**पद से संबन्धित शैक्षणिक योग्यता एवं महत्वपूर्ण विवरण:-**

1. वेतनमान-स्तर-2 (रु. 19900 से रु 63200)

2. मोटर कार चालक के लिए विधिमान्य चालन अनुज्ञप्ति Valid Four wheeler Driving License(LMV) होना अति आवश्यक है |

3. मोटर यान्त्रिकी की जानकारी :- अभ्यर्थी को गाड़ी की छोटी मोटी त्रुटियाँ ठीक करनी आनी चाहिए |

4. इच्छुक अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन प्रशासन-2 अनुभाग को मेल (admin2.dad@hub.nic.in) के माध्यम से दिनांक **30.09.2020** तक भेज दें |

5. अभ्यर्थी को आवेदन के साथ विधिमान्य चालन अनुज्ञप्ति [Valid Four wheeler Driving License (LMV) ]विधिवत अनुप्रमाणित फोटोप्रति संलग्न करना अनिवार्य है |

6. इस पद की भर्ती, भर्ती नियमों के S.R.O. 25 के स्तम्भ (11) के आधार पर निश्चित परीक्षा पर आधारित होगी |

7. भर्ती सम्बन्धी कार्यवाही किसी भी कारण से, किसी भी स्तर पर, बिना पूर्व सूचना के रद्द/स्थगित/ निलम्बित/ समाप्त की जा सकती है |

8. किसी भी प्रकार की सिफ़ारिश उम्मीदवार को अयोग्य कर देगी |

9. अपूर्ण /अपाठ्य आवेदन अमान्य समझे जाएंगे | आवेदन करने से पहले आवेदक परिपत्र को सावधानीपूर्वक पढ़ लें |

10. नियुक्ति प्राधिकारी का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा |

11. इस पद पर नियुक्ति पूर्णतः कौशल परीक्षा (skill test) एवं अधिकारियों के बोर्ड (Board of Officers) द्वारा सिफ़ारिश पर आधारित होगी |

12. इस पद की नियुक्ति उपरोक्त वर्णित मानकों (Benchmarks) के अतिरिक्त सतर्कता मंजूरी (vigilance Clearance) और ए.पी.ए.आर. ग्रेडिंग्स APAR Gradings मानकों (Benchmarks) में शामिल होंगे |

13. चयनित कर्मचारी की तैनाती अभी मुख्य कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक(पें.संवि.) मेरठ में होगी लेकिन केंद्र सरकार के कर्मचारी होने के चलते भविष्य में भारत में कहीं भी स्थानांतरित किया जा सकता है |

14. कृपया सभी **एम.टी.एस. (level-1)** कर्मचारियों से नोट करायें तथा इच्छुक प्रार्थी के नाम यथाशीघ्र इस कार्यालय को भेजें |

15. ड्राइविंग टेस्ट (Driving Test) की तिथि बाद में सूचित कर दी जाएगी |

17/09/2020

(नीरज सुरेन्द्रन)
रक्षा लेखा उप नियंत्रक(प्रशा)

प्रतिलिपि:

1. रक्षा लेखा नियंत्रक (पें.संवि.) के वैयक्तिक सहायक

-हस्ता-
(नीरज सुरेन्द्रन)
रक्षा लेखा उप नियंत्रक(प्रशा)